अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

अध्यक्षीय कार्यालय :
SARITA DAGA
45-46, Gem Enclave, Pradhan Marg,
Malviya Nagar,Jaipur-302017
Mob.: 9413339841
Email: president@abtmm.org

# नारीलोक

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का मासिक मुखपत्र

जून, 2024 अंक 311

## महाश्रमणोस्तु मंगलम् : 'समर्पण' के स्वर

धरणी, अम्बर में निशदिन, गूंज रहा जिनका जयनारा,
ज्योतिचरण, प्रभु महाश्रमण को, सविनय वंदन हमारा।।

प्रिय बहिनों!

इतिहास के कुछ विशिष्ट पलों के साक्षी होने का अवसर सौभाग्यशाली व्यक्तियों को ही मिलता है। हमारा सौभाग्य है कि आध्यात्म के सुमेरू, करुणा के सागर, जिन वाणी के भाष्यकार, तेरापंथ धर्म संघ के देदीप्यमान नक्षत्र और जैन शासन के तेजस्वी भास्कर की दीक्षा का अमृत महोत्सव मनाने का अवसर हमारी पीढ़ी को मिला है। दीक्षा के 50 वर्ष का सुदीर्घ कालखण्ड एक महान परिव्राजक आचार्य के कालजयी उपलब्धियों की यात्रा है- एक तरह से यह किसी अश्वमेघ यज्ञ की विजय यात्रा की तरह है। युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी ने लाखों व्यक्तियों के दिलों और श्रद्धा को जीता है। विश्व को अपनी संयम यात्रा से अभिभूत तो किया ही है साथ ही एक श्रमण से महाश्रमण बनने की यात्रा भी पूरी की है। 50 वर्षों की यह गौरवमयी यात्रा है- बालक मोहन से मुनि मुदित, मुनि मुदित से महाश्रमण और महाश्रमण से महान युगप्रधान आचार्य महाश्रमण बनने की। गुरुदेव की विशिष्ट साधना ने निर्मलता और अनासक्त चेतना के शिखर का आरोहण किया है, उसे देखते हुए लगता है यह यात्रा महाश्रमण से महावीर की यात्रा बनने तक प्रवर्धमान रहेगी। आराध्य देव तीर्थंकर के प्रतिनिधि की यशस्वी अनुशासना युगों-युगों तक वर्धमान रहे, यही आकांक्षा है।

इस वर्ष अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का अध्यक्षीय दायित्व ग्रहण करने का अवसर गुरुदेव की कृपा से मुझे मिला लेकिन मैं इससे भी बड़ा सौभाग्य इस बात का मानती हूँ कि गुरुदेव की दीक्षा के अमृत महोत्सव का सुअवसर इस कार्यकाल में मिला। पूरी महिला शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए- आपकी अभ्यर्थना और वर्धापना करते हुए मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ। गुरुदेव! समस्त नारी शक्ति की आस्था, भक्ति, श्रद्धा और समर्पण के पुष्पों की माला आप को समर्पित कर रही हूँ।

आचार्य महाश्रमण जैसे महातपस्वी आचार्य की आराधना केवल शब्दों के माध्यम से नहीं हो सकती बल्कि तप का नैवेद्य भी अर्पित करना पड़ता है। आपकी दीक्षा के 50 वर्षों की परिसम्पन्नता दीक्षा कल्याण महोत्सव के अवसर पर हमने जो तप के संकल्प लिए थे, मुझे बताते हुए अत्यन्त प्रसन्नता और गौरव की अनुभूति हो रही है कि गुरुदेव की शक्ति और नारी शक्ति की भक्ति से हमने इन लक्ष्यों से भी बहुत अधिक तप के मनकों की माला पिरोकर पूज्य चरणों समर्पित की हैं। पूरी नारी शक्ति की तरफ से यही मंगल कामना करती हूँ कि गुरुदेव की दीक्षा का 100वां अमृत वर्ष भी श्री चरणों में मनाने का अवसर हमें मिले।

बहिनों! आप सब की श्रद्धा-भक्ति-समर्पण अनुकरणीय है। नारीलोक और ABTMM सोशियल मीडिया पर प्रकाशित-प्रसारित कार्यों को आप जिस तत्परता से क्रियान्वित करती है, गर्व की अनुभूति होती है। 'आराधना आराध्य की' के साथ 'महाश्रमणोस्तु मंगलम्' के आगाज में जप-तप-आध्यात्म-स्वाध्याय में आपकी सक्रियता ने लक्ष्य के आंकड़ों को अपेक्षा से भी ज्यादा साकार किया, आभार। आपकी यह सक्रियता प्रवर्धमान रहे, यही मंगल कामना है।

एक बार पुनः गुरु चरणों में वंदन एवं समर्पण के भावों के साथ,
महाश्रमणोस्तु मंगलम् की एक रिपोर्ट इस अंक में प्रकाशित कर रहे हैं।

शुभाकांक्षी
Sarita Daga
सरिता डागा

लिखें शक्ति की नई ऋचाएं, अनुशासन के दीप जलाएं

# आराधना आराध्य की

महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमण के दीक्षा कल्याण महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की देश भर की शाखा मंडलों द्वारा जप-तप की आध्यात्मिक भेंट का गुरुचरणों में समर्पण-

## आचार्यश्री महाश्रमण की संयम यात्रा के 5 दशक

निर्धारित लक्ष्य : 5 मासखमण

लक्ष्य प्राप्ति : 6 मासखमण

तपस्वी : श्रीमती मंजू दुगड़- जलगांव, श्रीमती आशादेवी गोलछा- बालोतरा, श्रीमती कंचनदेवी छाजेड़- जलगांव, श्रीमती पिंकी तातेड़- विजयवाड़ा, श्री अनोखीलाल जैन- औरंगाबाद, श्रीमती सुनीता बडाला- पनवेल।

## आचार्यश्री महाश्रमण की संयम यात्रा के 50 वर्ष

निर्धारित लक्ष्य : 50 अठाई

लक्ष्य प्राप्ति : 60 अठाई

पूना : 3- श्रीमती रेखा देवी चोरड़िया, श्री रमेशचंद चोरड़िया, श्री नरेश मरलेचा

धुबड़ी : 3- श्रीमती करुणा मालू, श्रीमती आंचल नाहटा, श्रीमती रत्ना बैंगानी,

विजयवाड़ा : 3- सुश्री हितांक्षी सेठिया, सुश्री नेहा बैद, मास्टर सिद्धार्थ तातेड़

डूँगरी : 3- श्रीमती सुनीता भटेवरा, श्रीमती कांता दक, श्रीमती प्रेरणा जैन

पूर्वी दिल्ली : 4- श्रीमती स्नेहलता सेठिया, श्रीमती शिल्पा चौरड़िया, श्री कन्हैयालाल बैद, श्री विनीत मालू

बल्लारी : 4- श्रीमती जस्सी देवी बेंगवानी-श्री आसकरण बेंगवानी, श्रीमती शांति सालेचा, श्रीमती संगीता गोठी

औरंगाबाद : 5- श्रीमती सारिका बोहरा, श्रीमती नीलम सेठिया, श्री राजकुमार बांठिया, श्रीमती प्रभा बांठिया, श्रीमती निधि सेठिया,

विजयनगरम आंध्र प्रदेश : 1- श्रीमती नीलम चौपड़ा,

जलगाँव : 2 श्रीमती अक्षिता बुरड़, सुश्री तमन्ना ललवाणी,

हैदराबाद : 1- श्रीमती ममता हीरावत

बेहाला कोलकाता : 2- श्रीमती मीना पटावरी, श्रीमती वीणा पारख,

गंगाशहर : 1- श्रीमती सारिका शामसुखा

कोकड़ाझाड़ : 2- सुश्री पूजा छाजेड़, सुश्री मुस्कान छाजेड़,

राजनगर : 1- श्रीमती शोभा बोथरा

बालोतरा : 2- श्रीमती दीपिका सालेचा, श्री बाबूलाल देवता,

नोएड़ा : 1- श्रीमती अनिता जैन

अहमदाबाद : 2- श्रीमती इंदिरा बाई सालेचा (दो बार अठाई),

तिरुपुर : 1- श्रीमती श्वेता मरोठी

सिलीगुड़ी : 2- श्रीमती मधु नौलखा, श्री प्रितम बोकड़िया,

पाली : 1- श्रीमती विमला देवी चौपड़ा

बारडोली : 2- श्रीमती मीना बाफना, श्रीमती ललिता कुमठ,

इस्लामपुर : 1- श्रीमती प्रियंका दुगड़

हिरियुर : 1- श्रीमती सूरज चौपड़ा जालना : 1- श्रीमती मनीषा संचेती, वापी : 1- श्री राजकुमार गोलेछा

गाँधीधाम कच्छ : 1- श्रीमती प्रेक्षा बोथरा, चिखली : 1- श्रीमती तारा कोठारी, नासिक : 1- मनीषा गोगड़

रायपुर : 1 श्रीमती ममता जैन, नोखा: 1- श्री धनराज बैद, बिलासीपाड़ा : 1- श्रीमती जयश्री महनोत

विशाखापट्टनम : 1- सुश्री रिया भंसाली, पर्वत पाटिया : 1- श्रीमती इन्दू देवी पुगलिया,

विजयनगर बंगलूरू : 1- श्री कैलाश नंगावत, मध्य दिल्ली : 1- श्री शांतिलाल सेठिया

वैशाख और ज्येष्ठ माह की तपती गर्मी में मास खमण एवं अठाई करने वाले अनेकशः साधुवाद के पात्र है, हार्दिक अनुमोदना।

संयोजिका- श्रीमती मंजू भूतोड़िया, श्रीमती निर्मला छाजेड़

## आचार्यश्री महाश्रमण की संयम यात्रा के 600 मास

निर्धारित लक्ष्य : 600 तेला एक साथ (दि. 9-10-11 नवम्बर, 2023)

लक्ष्य प्राप्ति : 1,825 तेला

संयोजिका- श्रीमती निर्मला छाजेड़

**आचार्यश्री महाश्रमण की संयम यात्रा के 2,600 सप्ताह**

निर्धारित लक्ष्य : 2,600 उपवास एक साथ (दि. 18 मई, 2024)

लक्ष्य प्राप्ति : 3,013 उपवास

संयोजिका– श्रीमती नीरू पुगलिया

**आचार्यश्री महाश्रमण की संयम यात्रा के 18,250 दिवस**

निर्धारित लक्ष्य : 18,250 एकलठाणा (नवम्बर, 23 से 22 मई, 2024 तक नारीलोक में प्रतिमाह प्रकाशित)

लक्ष्य प्राप्ति : 29,830 एकलठाणा

संयोजिका– श्रीमती विनीता बैंगानी

**आचार्यश्री महाश्रमण की संयम यात्रा के 18,250 दिवस**

निर्धारित लक्ष्य : 18,250 सामायिक (दि. 18 अप्रैल, 2024)

लक्ष्य प्राप्ति : 83,528 सामायिक

संयोजिका– श्रीमती मनीषा बोथरा

**आचार्यश्री महाश्रमण की संयम यात्रा के 4,38,000 घंटे**

निर्धारित लक्ष्य : 4,38,000 माला (दि. 26 अप्रैल, 2024)

लक्ष्य प्राप्ति : 4,39,311 माला

संयोजिका– श्रीमती सीमा बैद

सभी तपस्वियों को बहुत–बहुत साधुवाद। तप–जप में सहभागिता के लिए सभी भाई–बहिनों का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन।

## आराधना आराध्य की

ज्ञान के महासुमेरू आचार्य श्री महाश्रमण के दीक्षा कल्याण महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा देश भर में वर्ष पर्यंत आयोजित किए गए कार्यक्रम एवं उपक्रम

### महाश्रमणोस्तु मंगलम् लोगो (Logo) एवं गीत का विमोचन

महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम के प्रसार हेतु मंडल ने एक लोगो (Logo) का निर्माण करवाया तो एक सुमधुर गीत 'तेरापंथ का परचम फहरा दो' भी इस हेतु तैयार करवाया गया। परम प्रसन्नता की अनुभूति है कि लोगो का अनावरण परमपूज्य आचार्यप्रवर की पावन सन्निधि में मुम्बई में हुआ और गीत का पटाक्षेप महाश्रमणोस्तु मंगलम् के वृहद् आंचलिक कार्यक्रम कोलकाता से हुआ। इस गीत की रचना साध्वीश्री मुदितयशाजी ने की एवं स्वर सुप्रसिद्ध संगायिका मीनाक्षी भूतोड़िया ने दिया। कृतज्ञता–आभार।

### Wisdom Wednesday

**Wisdom Wednesday** उपक्रम के अंतर्गत प्रतिमाह दो बार आचार्यश्री महाश्रमणजी की 3 पुस्तकों पर आधारित ऑनलाइन क्विज का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन किया गया। हजारों की संख्या में बहिनों ने स्वाध्याय कर इस क्विज में भाग लिया।

### 'बढ़ते कदम विकास की ओर' : विद्यालय संरक्षण

इस उपक्रम के अंतर्गत देश भर में सरकारी कन्या विद्यालयों को व्यवस्थाओं की दृष्टि से संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। जैसे शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध करवाने हेतु आर.ओ. प्यूरीफायर लगाना, स्कूलों में स्पोर्ट्स व म्यूजिक के उपकरण उपलब्ध कराना, फर्नीचर एवं ब्लैक बोर्ड जैसी जरूरी चीजें उपलब्ध कराना इत्यादि।

## महाश्रमणोस्तु मंगलम् वृहद आंचलिक कार्यक्रम का आयोजन

पूज्य प्रवर के दीक्षा पर्याय के पाँच दशकों की पूर्णता के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा देशभर में छः चरणों में अभिवंदना एवं अभ्यर्थना के भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। भक्ति एवं श्रद्धा के अनुकरणीय रचनात्मक कार्यक्रमों में 5000 से भी अधिक लोग प्रतिभागी बने एवं पूरे देश में महाश्रमणोस्तु मंगलम् के स्वर गुंजायमान हुए। देश के विभिन्न अंचलों में कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को महाश्रमणमय बना दिया।

| कोलकाता | अहमदाबाद | भीलवाड़ा | गुवाहाटी | जयपुर | जालना |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 अप्रैल, 2024 | 1 मई, 2024 | 2 मई, 2024 | 5 मई, 2024 | 12 मई, 2024 | 21 मई, 2024 |

महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम का मुख्य चरण समर्पण के रूप में परमपूज्य आचार्यप्रवर की सन्निधि में 21 मई, 2024 को जालना में आयोजित हुआ और समापन साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी की पावन उपस्थिति में श्रद्धा भक्ति के साथ जालना में हुआ। अभातेममं प्रतिनिधियों की अच्छी उपस्थिति रही।

## कौन बनेगा गुरु आराधक Online Quiz 11-14 मई, 2024

आचार्यश्री महाश्रमणजी के जीवन दर्शन से संबंधित मंडल ने 'कौन बनेगा गुरु आराधक' नाम से चारदिवसीय **Online Quiz Competition** का आयोजन गया। इस प्रतियोगिता हेतु अधिकतम प्रतिभागियों की संख्या 701 रखी गई जो पंजीकरण प्रारम्भ होने के कुछ ही घंटों में पूरी हो गई। प्रतियोगिता ज्ञानवर्धक, रोचक एवं अविस्मरणीय रही।

## संकल्पों की भेंट

महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर निर्धारित संकल्प करवाए गए, बहिनों ने हजारों की संख्या में इन संकल्पों को जागरूकता से स्वीकार कर अपने आराध्य की आराधना की। आत्मकल्याण के इन संकल्पों को स्वीकार कर मंडल के इस उपक्रम में शाखा मंडलों ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाई। संकल्पों के अंतर्गत आये महाश्रमण अष्टकम को सैकड़ों की संख्या में बहिनों एवं कन्याओं ने कंठस्थ किया तत्पश्चात जैन श्वेताम्बर तेरापंथ समाज द्वारा निर्धारित संकल्पों को भी बहिनों ने उत्साहपूर्वक स्वीकार किया।

## तत्त्वसंबोध


परम पूज्य आचार्य प्रवर की भावना रहती है कि हमारा श्रावक-श्राविका समाज तत्त्वज्ञान में पारंगत हो। हमारी बहिनें विज्ञ बनें, तत्त्वज्ञ बनें। तेरापंथ प्रचेता बनें, आगम की व्याख्याता बने। इस उद्देश्य से अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की शाखा मंडलों द्वारा देश भर में स्थानीय स्तर पर तत्त्व प्रशिक्षण की कार्यशालाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे अनेकों श्रावक-श्राविकाएं लाभान्वित हो रहे हैं।

## समर्पण-काव्य रचनाएं

आराध्य की अभिवंदना में अभातेममं की सम्पूर्ण कार्यसमिति एवं स्थानीय शाखा मंडलों की बहिनों ने स्वरचित काव्य रचना प्रस्तुत की। काव्य रचनाओं का संग्रह 'महाश्रमणोस्तु मंगलम्' नारीलोक विशेषांक में अलग से प्रकाशित किया गया है।

## संगठन यात्रा - शाखाओं की सार संभाल

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की प्रभारी बहिनों को सूचित किया जाता है कि वे अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों की संगठन यात्राएं प्रारम्भ करें। जुलाई एवं अगस्त माह में सभी शाखाओं की यात्रा कर उसकी रिपोर्ट संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी-9903518222 को प्रेषित करें। सभी शाखा मंडल भी अपने प्रभारी से सम्पर्क कर यात्रा का समय निर्धारित कर लें ताकि व्यवस्था की दृष्टि से सुविधा रहेगी।



# तेरापंथ महिला मंडल

## करणीय कार्य

### नारी जाति के उन्नायक गणाधिपति गुरुदेव श्री तुलसी के 28वें महाप्रयाण दिवस 'विसर्जन दिवस' पर श्रद्धासिक्त अभिवंदन

आषाढ़ कृष्णा तृतीया, 24 जून, 2024 को परम पूज्य गणाधिपति गुरुदेव श्री तुलसी का महाप्रयाण दिवस है। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल एवं सम्पूर्ण महिला समाज गुरुदेव के उपकारों से उऋण नहीं हो सकता। नारी जाति को दिए गए आपके अवदान युगों-युगों तक याद रहेंगे। अपने जीवनकाल में ही आचार्य पद का विसर्जन कर उन्होंने एक अप्रतिम इतिहास का सृजन किया और विसर्जन के महत्व को नई ऊंचाइयाँ प्रदान की। आपके महाप्रयाण दिवस को 'विसर्जन दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

जिनकी आँखों ने सदा विकास का स्वप्न संजोया
जिनके सक्षम हाथों ने जीवन-बगिया को विकसाया
जिनकी ओजस्वी वाणी का हमने सबल सहारा पाया
जिनकी प्राणदायिनी प्रेरणा ने खुली सांस दे परदा हटाया
उन अविस्मरणीय श्री गुरु चरणों में आज,
सविनय श्रद्धांजलि अर्पित करता महिला समाज।।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल गुरुदेव श्री तुलसी को श्रद्धासिक्त वंदन करते हुए विसर्जन दिवस के कार्यक्रम को आयोजित कर उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करती है।

**करणीय कार्य :**

बहिनों ! विसर्जन के पुरोधा गुरुदेव तुलसी को स्मरण करते हुए हम भी विसर्जन करें-

* पदार्थों का विसर्जन
* अहम का विसर्जन
* इच्छाओं का विसर्जन
* कषायों का विसर्जन आदि।

कार्यक्रम में गुरुदेव के अवदानों पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित करें। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करें (समय सीमा 3 मिनट)।

विषय : 'मौलिकता रहे सुरक्षित, परिवर्तन सदा अपेक्षित'

1. कार्यक्रम यथासम्भव चारित्रात्माओं के सान्निध्य में हो।
2. कार्यक्रम का शुभारम्भ 'तुलसी अष्टकम्' के संगान से करें।
3. आचार्य तुलसी के अवदानों की नवीन विधा से प्रस्तुति करें।
4. नवयुवती बहिनों को जोड़ने का प्रयास अवश्य करें।
5. कार्यक्रम में गुरुदेव तुलसी की स्मृति में जप अवश्य करें।

ॐ जय ॐ जय ॐ गुरुदेव, मंगलकारी तुम स्वयमेव।।
ॐ जय तुलसी तुलसी नाम, ॐ ह्रीं श्रीं अर्हम् सुखधाम
ॐ जय ॐ जय ॐ गुरुदेव, मंगलकारी तुम स्वयमेव
ॐ जय तुलसी तुलसी नाम, ॐ ह्रीं श्रीं अर्हम् शुभधाम
ॐ जय ॐ जय ॐ गुरुदेव, मंगलकारी तुम स्वयमेव
ॐ जय तुलसी तुलसी नाम, ॐ ह्रीं श्रीं अर्हम् शिवधाम।।

**विशेष सूचना :** 24 जून, 2024 सोमवार को मध्याह्न 2.00 बजे से श्रावक संबोध (पूर्व भाग) पर **Online Quiz** आयोजित की गई है। अवश्य भाग लें।




## कन्या मंडल आंचलिक कार्यशाला

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में कन्याओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से देशभर में आंचलिक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। सभी क्षेत्रों की कन्या मंडल को सूचित किया जाता है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के अनुसार कार्यक्रम निर्धारित कर कार्यशाला में ज्यादा से ज्यादा सहभागिता दर्ज करवाएं। राजस्थान के मेवाड़ संभाग को छोड़कर सभी कन्याएं लाडनूं कार्यशाला में पधारें एवं मेवाड़ संभाग की कन्याएं सूरत कार्यशाला में उपस्थित हों।

विशेष जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र :
श्रीमती अदिति सेखानी- 9909024763, श्रीमती सोनम बागरेचा- 9007911111

सूरत में आयोजित आंचलिक अधिवेशन
परम पूज्य आचार्य प्रवर की पावन सन्निधि में होगा।

## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का राष्ट्रीय अधिवेशन
## 20, 21, 22 सितम्बर, 2024 सूरत (गुजरात)

युग प्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी की पावन सन्निधि में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का राष्ट्रीय महिला अधिवेशन आगामी 20, 21, 22 सितम्बर, 2024 को सूरत (गुजरात) में समायोजित हो रहा है। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में यथासंभव शाखा मंडल अध्यक्ष, मंत्री एवं पदाधिकारी की सहभागिता रहे। यदि किसी कारणवश पदाधिकारी नहीं आ सकें तो कार्यसमिति सदस्यों की सहभागिता का लक्ष्य रखें। राष्ट्रीय अधिवेशन के संदर्भ में पूर्ण जानकारी नारीलोक के अगले अंक में दी जाएगी।

## शाखा मंडलों का वार्षिक साधारण सदन

सूचित किया जाता है कि समस्त शाखा मंडल स्थानीय स्तर पर वर्ष 2023-2024 का साधारण सदन 25 जून, से 25 जुलाई, 2024 के मध्य अनिवार्य रूप से आयोजित करे।

## तत्त्वज्ञान-तेरापंथ दर्शन परीक्षा एवं कार्यशाला
## 22-23 सितम्बर, 2024 सूरत में

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अंतर्गत तेरापंथ दर्शन के पाँचवें तथा तत्त्वज्ञान के छठे वर्ष के विद्यार्थियों की विशेष परीक्षा आचार्य महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में दिनांक 22 और 23 सितम्बर, 2024 को सूरत में आयोजित की जाएगी। सभी परीक्षार्थी 22 सितम्बर को मध्याह्न 2 बजे तक सूरत पहुँचने का प्रयास करें।

## तत्त्वज्ञान एवं तत्त्वविज्ञ परीक्षा


अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अंतर्गत चारित्रात्माओं के तत्त्वज्ञान एवं तत्त्वविज्ञ पाठ्यक्रम की परीक्षाओं का आयोजन दिनांक 24 व 27 अगस्त, 2024 को होगा। अपने क्षेत्र में विराजित परीक्षार्थी चारित्रात्माओं की परीक्षा का वर्ष और जिस क्षेत्र में परीक्षा देंगे वहाँ का पता, फोन नंबर और ईमेल एड्रेस 31 जुलाई, 2024 तक राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती कुसुम बैंगानी को अवश्य भेज दें।
कुसुम बैंगानी, 233, वीर अपार्टमेंट, सेक्टर 13, रोहिणी, दिल्ली-110085, मो.: 8010139367.

## नई शाखा का गठन

अभातेमम की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की सहमति से तमिलनाडु में साध्वीश्री डॉ. गवेषणाश्रीजी के पावन सान्निध्य में 'सुंगुरवार क्षेत्रम्' में नए तेरापंथ महिला मंडल का गठन राकास श्रीमती माला कातरेला की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर साध्वीश्रीजी ने सभी बहिनों को आशीर्वाद देते हुए मंगल पाठ फरमाया।

## अभातेममं की अभिनव प्रस्तुति

# महाश्रमणोस्तु मंगलम् : समर्पण श्रीचरणों में




आचार्यश्री महाश्रमणजी के दीक्षा कल्याण महोत्सव समापन समारोह के अवसर पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल ने 'महाश्रमणोस्तु मंगलम्' के अंतर्गत किए गए कार्यों की एक रिपोर्ट श्री चरणों में समर्पित की। परमपूज्य आचार्य प्रवर रिपोर्ट का अवलोकन करते हुए।

21 मई, 2024, मंगलवार। जालना (महाराष्ट्र) में परमपूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी की पावन सन्निधि में मुख्य प्रवचन कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा अपने परम उपकारी गुरुदेव के दीक्षा कल्याण महोत्सव के उपलक्ष्य में वर्ष भर में हुए कार्यक्रमों की रचनात्मक प्रस्तुति दी गई। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने अपने गुरु की अभ्यर्थना करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अनुपस्थिति में उनके भावों को अपने शब्दों में अभिव्यक्त करते हुए अक्टूबर माह से लेकर मई माह तक देशभर में आयोजित विभिन्न निष्पत्तिपरक कार्यक्रमों की तथा 'महाश्रमणोस्तु मंगलम्' के अंतर्गत हुए कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट का एक एलबम श्री चरणों में समर्पित किया।

देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन मुख्य रूप से दो भागों में किया गया, जिनकी क्रियान्विति में शाखा मंडलों की अनुकरणीय सहभागिता रही।

- आराधना आराध्य की
- महाश्रमणोस्तु मंगलम्

'आराधना आराध्य की' के अंतर्गत आध्यात्मिक रथ के माध्यम से लगभग आठ माह में निष्पादित आध्यात्मिक व सामाजिक कार्यों को






**परम पूज्य आचार्य प्रवर 'महाश्रमणोस्तु मंगलम्' के तप, जप के आंकड़ों के रथ का अवलोकन करते हुए। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल जानकारी निवेदित करते हुए।**

दर्शाया गया। आचार्य प्रवर के 50 वर्षों के संयम जीवन को लक्षित कर तप के आंकड़े निर्धारित किए, जो लक्ष्य से बहुत ज्यादा परिणिति के रूप में क्रियान्वित हुए। तप के अंतर्गत मासखमण, अठाई, तेला, उपवास, एकलठाणा के साथ-साथ सामायिक, माला, जप आदि को आंकड़ों सहित दर्शाया गया।

ज्ञानाराधना के अंतर्गत आचार्य प्रवर के जीवन दर्शन पर आधारित 'कौन बनेगा गुरु आराधक' 4 दिवसीय ऑनलाइन क्वीज आयोजित की गई तथा तत्त्व संबोध कार्यशाला की भी जानकारी दी गई। संयम पर्याय की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में संचालित '50 विद्यालयों का संरक्षण' परियोजना की विस्तृत रिपोर्ट श्री चरणों में अर्पित की गई। अपने आराध्य की अभिवंदना में आयोजित 'महाश्रमणोस्तु मंगलम्' की पूरी रिपोर्ट का एक एलबम एवं सम्पूर्ण कार्यसमिति द्वारा स्वरचित काव्य रचना का अनूठा संग्रह 'समर्पण' गुरु चरणों में समर्पित किया गया। तप, जप के आंकड़ों को एक रथ के माध्यम से भी प्रदर्शित किया गया।

गुरु अभ्यर्थना का पूरे देश भर में केसरिया शक्ति द्वारा भक्ति एवं श्रद्धा से भरा एक महनीय महा आयोजन रहा- 'महाश्रमणोस्तु मंगलम्' जिसके अंतर्गत देशभर में हुई छह आंचलिक कार्यशालाओं की संक्षिप्त रिपोर्ट कार्यक्रम की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. सूरज बरड़िया ने प्रस्तुत की। कन्या मंडल द्वारा महाश्रमण अष्टकम की प्रस्तुति दी गई। महाश्रमणोस्तु मंगलम् के लिए एक लोगो (Logo) बनवाया गया एवं एक गीत 'तेरापंथ का परचम फहरा दो' की भी संरचना की गई जिसकी जानकारी पूज्य प्रवर को निवेदित की। देशभर में कन्या मंडल द्वारा किए गए कार्यक्रमों की रिपोर्ट राष्ट्रीय कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अदिति सेखानी एवं सह प्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा ने पूज्य प्रवर को भेंट की। आराधना आराध्य की उपक्रम के अंतर्गत तप के आंकड़ों की रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा के चिंतन अनुसार एक कलात्मक रथ के रूप में प्रस्तुत की गई जिसकी समर्पण कृति के निर्माण में राकास श्रीमती अलका बैद का सराहनीय श्रम रहा।

इस स्वर्णिम अवसर पर अभातेममं की महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, प्रधान ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी, कार्यक्रम की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. सूरज बरड़िया, सह संयोजिका श्रीमती कुमुद कच्छारा, के साथ-साथ संरक्षिका श्रीमती प्रकाश देवी तातेड़, उपाध्यक्ष द्वय श्रीमती सुमन नाहटा, श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अदिति सेखानी, सहप्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा, राकास श्रीमती शशिकला नाहर, श्रीमती जयश्री जोगड़, श्रीमती अलका बैद, श्रीमती निर्मला छाजेड़ तथा श्रीमती विनिता बैंगानी की गरिमामय उपस्थिति रही एवं आयोजन को सफल बनाने में सभी का श्रम सराहनीय रहा।

# अभातेममं के तत्वावधान में तेममं, अहमदाबाद द्वारा गुजरात स्तरीय महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम का भव्य आयोजन अहमदाबाद में



1 मई, 2024, अहमदाबाद। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में ते.म.मं., अहमदाबाद द्वारा आयोजित युग प्रधान आचार्यश्री महाश्रमण के 50वें दीक्षा कल्याण महोत्सव के पावन अवसर पर गुजरात स्तरीय महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम का मंगल आगाज शासनश्री साध्वीश्री सरस्वतीजी के सान्निध्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में अहिंसा का शंखनाद करने वाली महात्मा गाँधी की पुण्यधरा पर सरदार वल्लभ भाई पटेल ऑडिटोरियम के प्रांगण में किया गया। नमस्कार महामंत्र के उच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

इस सुअवसर पर साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के पावन संदेश का वाचन कार्यक्रम राष्ट्रीय सहसंयोजिका श्रीमती कुमुद जी कच्छारा ने, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत एवं मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र भाई पटेल के संदेश का वाचन तेममं, अहमदाबाद उपाध्यक्ष श्रीमती सुशीला खतंग एवं सहमंत्री श्रीमती सुमन कोठारी ने किया। श्रद्धेय शासनश्री साध्वीश्री सरस्वतीजी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि सौभाग्यनिधि करुणा के कुमकुम आचार्यश्री महाश्रमणजी का जन्म 13 तारीख रविवार को हुआ। रविवार को जन्मा बालक साहसी व अभय का देवता होता है और यश कमाने वाला व विशिष्ठ साधना करने वाला होता है। आपने आगे कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में आचार्य महाश्रमणजी का दीक्षा कल्याण महोत्सव मनाने के लिए स्थानीय तेममं की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता परमार एवं उनकी पूरी टीम व कन्या मंडल ने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए अति श्रम किया है। वे सब साधुवाद की पात्र है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने अपने प्रेरणादायी उद्‌बोधन में कहा कि महाश्रमणोस्तु मंगलम् की यात्रा पूरे देश में तेरापंथ धर्म संघ का परचम लहराये, ऐसी कामना करती हूँ। तेममं अहमदाबाद की टीम के श्रम की सराहना करते हुए आपने कहा कि महिला शक्ति की गुरु अभ्यर्थना, श्रद्धा एवं भक्ति से सराबोर है। इस स्वर्णिम अवसर पर आपने सभी बहिनों से तप की भेंट चढ़ाने का भी आह्वान किया। महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. सूरज बरड़िया ने कहा कि ऐसे लग रहा है कि तेरापंथ के दिव्य दिवाकर साक्षात यहाँ विराजमान है। अहिंसा के उजाले से विश्व को आलोकित करने वाले, सम्पूर्ण मानव जाति को नैतिकता एवं सद्‌भावना का संदेश देने वाले, 50 वर्षों की संयम यात्रा में 55 हजार किलोमीटर की पदयात्रा करने वाले





युगप्रधान गुरु की हम जितनी भी अभ्यर्थना करे वो कम है। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने आचार्य महाश्रमणजी के साहित्य 'जीने की कला' की समीक्षा की। आपने कहा कि महाश्रमण साहित्य सम्पूर्ण मानव जाति को जीवन जीने की कला सिखाता है। गुरुदेव का साहित्य हम सब के लिए कल्याणकारी है। आचार्य महाश्रमणजी के साहित्य का पठन कर आत्मसात करने के लिए जनमेदिनी को आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. महावीर गोलेछा (International Health and Social Policy Expert) ने आचार्य महाश्रमणजी की पुस्तक 'सुखी बनो' पर मीमांसा कर कहा कि किस प्रकार हम जीवन को सुखी बना सकते हैं। सुन्दर और सरल भाषा में विवेचन कर गुरु अभ्यर्थना में अपने विचार व्यक्त किए। कन्या मंडल राष्ट्रीय प्रभारी श्रीमती अदिति सेखानी ने अपने आत्मीय विचार व्यक्त करते हुए अपनी कर्म भूमि पर स्वागत किया। महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महाश्रमणोस्तु मंगलम् लोगो (Logo) एवं दिव्य आध्यात्मिक रथ का अनावरण अभातेममं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, मुख्य अतिथि अहमदाबाद महापौर श्रीमती प्रतिभा जैन एवं केन्द्रीय मंडल की प्रतिनिधि बहिनों के साथ-साथ स्थानीय विभिन्न अन्य 36 सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की गरिमामय उपस्थिति एवं गुजरात के 15 क्षेत्रों से आई विभिन्न बहिनों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में आचार्य महाश्रमण चातुर्मास व्यवस्था समिति अहमदाबाद के अध्यक्ष श्री अरविन्द संचेती, मंत्री श्री अरुण बैद एवं स्थानीय संस्थाओं के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ-साथ समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों की सराहनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में उपस्थित गुजरात के विभिन्न क्षेत्र डीसा, पालनपुर, उधना, लिंबायत, गाँधीधाम, बड़ौदा, अमराईवाड़ी, माणसा, बीजापुर, वलसाड़, सूरत, वापी एवं चलथान का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। अभातेममं से राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री के साथ-साथ संरक्षिका श्रीमती प्रकाश तातेड़, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, कार्यक्रम राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. सूरज बरड़िया, सह संयोजिका श्रीमती कुमुद कच्छारा, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अदिति सेखानी, राकास श्रीमती शशिकला नाहर, श्रीमती संतोष वेदमूथा, श्रीमती राखी बैद, श्रीमती चाँद छाजेड़, श्रीमती नीतू बैद, श्रीमती पूर्णिमा गादिया, श्रीमती वर्षा लूनिया की सहभागिता रही। कार्यक्रम का 17 अखबार, 14 सोशल मीडिया, 5 टीवी चैनल में शानदार कवरेज किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई जो संघ की प्रभावना में योगभूत बनी। तेममं अहमदाबाद द्वारा भावना सेवा उपक्रम को आर्थिक सहयोग, 2 अढ़ाई तप की भेंट राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रदान की गई। 17 अप्रैल को हुए सामूहिक एकलठाणा 1320 की जानकारी दी गई एवं 800 संकल्प पत्र भरवाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय संयोजिका श्रीमती पुष्पा सेठिया एवं उनकी पूरी टीम, पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता एवं कन्या मंडल का श्रम मुखर रहा। आभार संगठन मंत्री श्रीमती रेखा धुपिया ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन मंत्री श्रीमती बबीता एवं संयोजिकाओं ने किया। लगभग 1000 भाई-बहिनों की सराहनीय उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।

# अभातेममं के तत्वावधान में तेममं, भीलवाड़ा द्वारा मेवाड़ स्तरीय महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम का भव्य आयोजन




2 मई, 2024, भीलवाड़ा। महाश्रमण अभ्यर्थना में गूंजे स्वर महाश्रमणोस्तु मंगलम्, भीलवाड़ा अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, भीलवाड़ा द्वारा साध्वी श्री कीर्तिलता जी ठाणा-4 के प्रांजल सान्निध्य में मेवाड़ स्तरीय महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम का आयोजन महाराणा प्रताप टाउन हॉल, नगर परिषद में साध्वीवृन्द के नमस्कार महामंत्र उच्चारण के साथ प्रारम्भ हुआ। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी ने नारी शक्ति की प्रेरणा स्त्रोत साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के संदेश का वाचन किया। श्रद्धा समर्पण भावों से महाश्रमण अष्टकम् के संगान से भीलवाड़ा महिला मंडल की युवती बहिनों ने मंगलाचरण किया। गुरु अभ्यर्थना में महिला समाज द्वारा प्रस्तुत महाश्रमणोस्तु मंगलम् गीत से पूरा सभागार महाश्रमणमय बन गया। हर हृदय से महाश्रमणोस्तु मंगलम् स्वर प्रस्फुटित हो रहा था। समागत राष्ट्रीय पदाधिकारीगण द्वारा महाश्रमणोस्तु मंगलम् लोगो (Logo) का अनावरण किया गया। साध्वीश्री कीर्तिलता ने महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम के शुभ अवसर पर आचार्य महाश्रमण की मोहन से महाश्रमण की यात्रा का विवेचन किया। अनुशासन की अग्नि में तप कर आपने जीवन को कुंदन की तरह चमकाया। आपने कहा सच्ची श्रद्धा भक्ति कार्यक्रम से नहीं अपितु गुरुदेव को तप त्याग की भेंट से होगी। साध्वी शांतिलता ने गुरु अभिवंदना में भाव प्रकट किए। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने अपने वक्तव्य में कहा कि गुरुदेव का आभामंडल इतना पवित्र है कि सब रोग शोक मिट जाते हैं। आगामी 22 मई को आपके 50वें संयम पर्याय पर मेवाड़ महिला समाज से गुरु को तप त्याग की आध्यात्मिक भेंट देने का आह्वान किया। चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी ने कहा कि आचार्य महाश्रमण के ग्रंथ हर व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने अपनी कर्म भूमि भीलवाड़ा में आयोजित महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम पर अपार प्रसन्न भावों से गुरु श्रद्धा भक्ति में अपनी अभिवंदना प्रस्तुत की। तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मैना कांठेड ने सहज सरल हृदय एवं पूरे हर्ष उल्लास के साथ समागत अतिथियों एवं उपस्थित केसरिया शक्ति का स्वागत करते हुए अपने भाव व्यक्त किए।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीलवाड़ा के **जिला कलेक्टर श्री नमित मेहता** ने आचार्य महाश्रमण की अभ्यर्थना में कहा ऐसे संत हमारे आदर्श होते हैं, जिनसे हम जीना सीखते हैं और हमारे जीवन में पॉजिटिव चेंज आता है। महाश्रमण जी के फैन फॉलोइंग जैन तक ही सीमित नहीं अपितु जैनेत्तर समाज भी इनसे जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वाइस चांसलर JRN राजस्थान विद्या पीठ **प्रोफेसर एस.एस. सारंगदेवोत** ने महाश्रमण अभिवंदना में **'आओ जीना सीखें'** पुस्तक की समीक्षा करते हुए कहा कि हम इस ग्रंथ से जीवन जीने की कला सीखे। यह ग्रंथ आत्म जागरण का साहित्य है, जिससे हम अपने जीवन को उन्नति और विकास की ओर अग्रसर कर सकते हैं। महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम **संयोजिका डॉ. सूरज बरड़िया** ने महाश्रमण अभ्यर्थना में अपने श्रद्धाभाव व्यक्त करते हुए भीलवाड़ा में गुरु भक्ति के इतने सुंदर कार्यक्रम के लिए कहा ऐसा लग रहा जैसे यह गुरु सन्निधि में हो रहा है। सुंदर रोचकशैली में आपने महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम सह संयोजिका श्रीमती कुमुद कच्छारा ने काव्य पाठ से अपनी भावनाएं व्यक्त की। उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा ने संकल्प पत्र का वाचन किया।

तेममं, भीलवाड़ा की बहिनों ने स्वागत गीतिका का सामूहिक संगान किया। मंडल की युवती बहिनों ने महाश्रमण जीवनदर्शन पर आधारित **'सवाल अम्बर के जवाब धरती के'** की रोचक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर टीपीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज ओस्तवाल, तेरापंथी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री निर्मल गोखरू ने महाश्रमण अभिवंदना में अपने विचारों की प्रस्तुति दी। सुप्रसिद्ध संगायक अमित सिंघी, गौतम सिंघी व सुश्री अपेक्षा पामेचा ने महाश्रमण अभ्यर्थना में सुमधुर स्वरों में अध्यात्मपूर्ण गीतों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में अभातेममं संरक्षिका श्रीमती प्रकाश तातेड़, राकास श्रीमती नीना कावड़िया, श्रीमती अलका बैद, श्रीमती उषा सिसोदिया, श्रीमती नीलिमा बैद, श्रीमती प्रीति जैन, श्रीमती नीरू पुगलिया एवं श्रीमती मनाली चोरड़िया की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सकल जैन समाज भीलवाड़ा से **35 संस्थाओं** के पदाधिकारीगण एवं मेवाड़ के **25 क्षेत्रों** के अध्यक्ष, मंत्री आदि की सराहनीय उपस्थिति रही। स्थानीय संस्थाओं एवं उपनगरीय संस्थाओं के पदाधिकारीगण सहित लगभग एक हजार की संख्या में उपस्थित जनमेदिनी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा तेममं, भीलवाड़ा को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संयोजन स्थानीय मंत्री श्रीमती अमिता बाबेल एवं सहमंत्री श्रीमती सुमन लोढ़ा ने किया। आभार सहमंत्री श्रीमती विनीता सुतरिया ने किया। कार्यक्रम की स्थानीय संयोजक वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशवंत सुतरिया, स्नेहलता झाबक एवं पूरी टीम ने अच्छा श्रम नियोजन किया। **'महाश्रमण दरबार म्हाने आच्छा लागे'** गीत एवं साध्वीवृंद के मंगलपाठ से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# अभातेममं के तत्वावधान में तेममं, गुवाहाटी द्वारा असम स्तरीय महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम का भव्य आयोजन




5 मई, 2024, गुवाहाटी। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, गुवाहाटी द्वारा आयोजित युग प्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी के 50वें दीक्षा कल्याण महोत्सव के पावन अवसर पर महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम माछखोवा स्थित आई.टी.ए. सेंटर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र से हुई। इस अवसर पर साध्वीप्रमुखा विश्रुतविभाजी के पावन संदेश का वाचन अभातेममं संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी ने किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गुरुदेव की अभ्यर्थना में प्रस्तुत अनेक एनीमेशन वीडियो थे। 'महाश्रमणोस्तु मंगलम्' के लोगो का अनावरण राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल एवं उपस्थित महासभा के पदाधिकारीगणों द्वारा किया गया। महाश्रमण अष्टकम् का लयबद्ध संगान कर महिला मंडल व कन्या मंडल की बहिनों ने कार्यक्रम का मंगलाचरण किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती अमराव देवी बोथरा ने अपने स्वागत वक्तव्य से समागत अतिथियों एवं उपस्थित केसरिया शक्ति का स्वागत करते हुए भाव व्यक्त किए। गुरु भक्ति को दर्शाते हुए स्थानीय मंडल की बहिनों ने मनमोहक गीत की प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने जनमेदिनी को सम्बोधित करते हुए कहा कि आचार्य प्रवर के दीक्षा कल्याण महोत्सव पर मंडल द्वारा निर्धारित 5 वृहद आंचलिक कार्यशालाओं में आज पूर्वांचल के गुवाहाटी में यह कार्यशाला आयोजित है। मंडल ने जप, तप, आध्यात्मिक एवं स्वाध्याय के माध्यम से पूज्य प्रवर की आराधना में कुछ लक्ष्य निर्धारित किए और वे सब आप सबके सहयोग से विशिष्ट उपलब्धि के साथ सम्पन्न हो रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि हम अधिक से अधिक युवती बहिनों को भी संगठन के साथ जोड़ें और मंडल को गति दें। राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने आचार्य महाश्रमणजी की अभ्यर्थना में अपने भावों की अभिव्यक्ति देतु हुए गुरुदेव के व्यक्तित्व की विलक्षण प्रतिभाओं को उजागर किया। मुख्य वक्ता श्री किशोर जैन ने आचार्य महाश्रमण की अभिवंदना में उनके द्वारा लिखित साहित्य की समीक्षा की। मंडल की बहिनों द्वारा 'सवाल अम्बर के जवाब धरती के' की रोचक प्रस्तुति दी गई। सुमधुर संगायिका मीनाक्षी भूतोड़िया ने स्वर लहरी से वातावरण को महाश्रमण मय बना दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंडल की मंत्री श्रीमती ममता दुगड़ ने किया। कार्यक्रम की स्थानीय संयोजिका श्रीमती विमला कोचर, श्रीमती रंजू बरड़िया, श्रीमती सरोज बरड़िया, श्रीमती विद्या कुंडलिया, श्रीमती रंजू खटेड़, श्रीमती मंजू भंसाली, श्रीमती मीना बैद तथा श्रीमती मीरा सुराणा का श्रम मुखर रहा। राकास श्रीमती सीमा बैद ने संकल्प पत्र का वाचन किया। आभार ज्ञापन स्थानीय उपाध्यक्ष श्रीमती कुसुम कोटेचा ने किया। कार्यक्रम में समाज के विशिष्ठजनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# अभातेममं के तत्वावधान में तेममं गुवाहाटी द्वारा असम, मेघालय स्तरीय आंचलिक कार्यशाला 'मेरा परिवार, मेरी जिम्मेदारी'

4 मई, 2024, गुवाहाटी। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, गुवाहाटी द्वारा असम, मेघालय स्तरीय आंचलिक कार्यशाला 'मेरा परिवार, मेरी जिम्मेदारी' का आयोजन तेरापंथ धर्मस्थल गुवाहाटी में किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ स्थानीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा नमस्कार महामंत्र और मंगलाचरण से किया गया। गुवाहाटी महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अमराव देवी बोथरा ने अपने स्वागत वक्तव्य के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल व उनकी टीम सहित आंचलिक कार्यशाला में उपस्थित विभिन्न क्षेत्रों से पधारी हुई बहिनों का स्वागत करते हुए दो दिवसीय त्रिवेणी कार्यक्रम की जानकारी दी। साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के संदेश का वाचन राकास श्रीमती रंजू लुनिया ने किया। राकास श्रीमती सुचित्रा छाजेड़ ने कहा कि हर परिस्थिति में समता से काम लेना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने कहा कि पहले घर की जिम्मेदारी फिर समाज की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। घर, परिवार और समाज के कार्यों का संतुलन, आपसी समन्वय और अपने दायित्व बौद्ध को समझना ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्य वक्ता श्रीमती रत्ना सिंह भारद्वाज ने परिवार में परस्पर समन्वय व सौहार्द का वातावरण कैसे निर्मित हो, इसके टिप्स दिए। महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि सुखी सम्पन्न परिवार के गुण होते हैं- संस्कार, मर्यादा, सम्मान, समर्पण, अनुशासन। अभातेममं संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी ने कहा कि जिम्मेदारी वह गुण है जो संस्कारों से प्राप्त होती है। राकास श्रीमती मनीषा बोथरा ने सभी को संकल्प पत्र भरने की प्रेरणा दी। स्थानीय मंडल



की बहिनों द्वारा परिसंवाद टॉक शो की प्रस्तुति दी गई।

महासभा के उपाध्यक्ष श्री बसंत सुराणा, स्थानीय सभा उपाध्यक्ष श्री बाबूलाल सुराणा, युवक परिषद अध्यक्ष श्री जयंत सुराणा, अणुव्रत समिति मंत्री श्री संजय चौरड़िया ने वक्तव्य व फुलान गमछा से सभी का स्वागत किया। कार्यशाला में असम के 15 क्षेत्र जिसमें ढेकियाजुली, दीमापुर, तेजपुर, बरपेटा, धुबरी, ग्वालपाड़ा, नौगांव, खारुपेटिया, बिलासिपाड़ा, डिफू, किन्नोई, बंगाईगांव नॉर्थ, बंगाईगांव साउथ, बरहोला, कोकराझार सहित लगभग 450 बहिनों की उपस्थिति रही। तत्वज्ञान संयोजिका श्रीमती माया देवी दुधोड़िया ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व मंत्री से तत्वज्ञान परीक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करवाया। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंत्री श्रीमती ममता दुगड़ ने किया व आभार ज्ञापन कोषाध्यक्ष श्रीमती राजश्री दुगड़ ने किया। दूसरे सत्र में खुला प्रश्न मंच रखा गया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की बहिनों द्वारा प्रश्न पूछे गए व राष्ट्रीय अध्यक्ष व उनकी टीम ने सभी की जिज्ञासाओं का समाधान दिया। श्रीमती सपना बेंगानी, कोलकाता व उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता गुजरानी ने मधुर गीतिकाओं से सभी का मन मोह लिया।



# अभातेममं के तत्वावधान में तेममं, जयपुर द्वारा जयपुर एवं थली संभागीय महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम का भव्य आयोजन




12 मई, 2024, जयपुर। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेममं जयपुर द्वारा आचार्यश्री महाश्रमणजी के 50वें दीक्षा कल्याण दिवस पर मुनिश्री तत्वरुचिजी 'तरुण' के सान्निध्य में जयपुर एवं थली संभागीय महाश्रमणोस्तु मंगलम् भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मंगल आगाज नमस्कार महामंत्र के अप्रतिम प्रस्तुति द्वारा हुआ। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की बहिनों का स्वागत स्थानीय दोनों मंडल सी-स्कीम एवं जयपुर शहर के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा किया गया। महिला मंडल की बहिनों ने स्वागत गीत द्वारा अपने भावों की अभिव्यक्ति रखी। महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम के प्रसार हेतु अभातेममं ने एक लोगो (Logo) का निर्माण करवाया एवं एक सुमधुर गीत (Title Song) भी तैयार करवाया गया। कार्यक्रम में महाश्रमणोस्तु मंगलम् लोगो (Logo) का विशिष्ट एवं आकर्षक रूप में अनावरण किया गया एवं 'तेरापंथ का परचम फहरा दो' गीत के संगान ने पूरे वातावरण को महाश्रमणमय बना दिया।

साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के मंगल संदेश का वाचन अभातेममं ट्रस्टी श्रीमती बिमला दुगड़ ने किया। मंडल की बहिनों द्वारा महाश्रमण अष्टकम् अर्थ सहित एवं मोहन से मुदित और मुदित से महाश्रमण की यात्रा को प्रस्तुत करते हुए अपने गुरु के प्रति अभ्यर्थना व्यक्त की। जयपुर महिला मंडल, सी-स्कीम अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा सुराणा एवं शहर महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती नीरू मेहता ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। मुनिश्री तत्वरुचि जी 'तरुण' ने अपने मंगल उद्बोधन में गुरुदेव के प्रति अपनी अभिवंदना व्यक्त की तथा कहा कि गुरुदेव के केवल पचासवें दीक्षा दिवस ही नहीं अपितु शताब्दी दीक्षा दिवस मनाने का हमें सौभाग्य मिले, ऐसी हम मंगलकामना करते हैं। इस अवसर पर अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने कहा कि हमने आराध्य की आराधना के क्रम में जप, तप, अध्यात्म एवं स्वाध्याय सहित कई कार्यक्रमों की संयोजना की थी। इसमें दीक्षा के पाँच दशकों को लक्षित कर पाँच वृहद आंचलिक कार्यक्रम का लक्ष्य निर्धारण किया और आज मुझे प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि इसकी पूर्णाहुति जयाचार्य और माणकगणी की पावन भूमि और अपने शहर गुलाबी नगरी जयपुर में हुई। आपने आगे कहा कि साध्वी प्रमुखाश्रीजी का स्वप्न है, ज्यादा से






ज्यादा नवयुवती बहिनों को जोड़ा जाए और जयपुर महिला मंडल ने अपने कार्यक्रम में नवयुवती बहिनों को जोड़ा, इसके लिए उन्होंने बहुत-बहुत साधुवाद। स्थानीय मंडल की नवयुवती बहिनों द्वारा प्रस्तुत 'सवाल अम्बर के जवाब धरती के' उपक्रम ने कार्यक्रम में रोचकता प्रदान की।

अभातेममं संरक्षिका श्रीमती सायर बैंगानी ने संकल्प पत्र का वाचन किया। अभातेममं चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी ने कहा- गुरुदेव अष्ट संपदा से युक्त है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. संजीव शर्मा ने आचार्यश्री महाश्रमणजी की पुस्तक 'सुखी बनो' की समीक्षा प्रस्तुत की। राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यशाला के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि महाश्रमणोस्तु मंगलम् क्या है, महाश्रमणोस्तु मंगलम् अपने गुरु के प्रति श्रद्धा सुमन अभिव्यक्त करने का एक उपक्रम है। कार्यक्रम की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. सूरज बरड़िया ने कहा- जैसे राम के नाम से सभी कार्य सम्पन्न हो जाते हैं, इसी तरह से गुरुदेव के नाम से कोई भी कार्य करें तो वह अवश्य सफल होता है। सुप्रसिद्ध संगायिका मीनाक्षी भूतोड़िया ने सुमधुर स्वर लहरी से गुरु के प्रति अपने भक्ति भाव से सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में अभातेममं उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन नाहटा एवं विजयलक्ष्मी भूरा, सहमंत्री डॉ. वंदना बरड़िया, कन्यामंडल संयोजिका श्रीमती अदिति सेखानी, राकास श्रीमती पुष्पा बैद, श्रीमती सुनीता जैन, श्रीमती मंजू भूतोड़िया, श्रीमती प्रभा घोड़ावत, श्रीमती अर्चना भंडारी, श्रीमती शिल्पा बैद, श्रीमती ममता रांका, श्रीमती विनीता बैंगानी, श्रीमती नीरू पुगलिया, श्रीमती अलका बैद, श्रीमती उषा सिसोदिया, श्रीमती अनीता बरड़िया, श्रीमती नीलिमा बैद की भी विशेष उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्री कालीचरण सर्राफ, प्रदेश मंत्री (भाजपा) श्री अजीत मांडण एवं पार्षद श्रीमती राखी राठौड़ इत्यादि महानुभावों के साथ-साथ समाज की विभिन्न केन्द्रीय एवं स्थानीय संस्थाओं के पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता एवं श्रावक-श्राविका समाज की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम स्थल के बाहरी हॉल में प्रदर्शित 'महाश्रमण जीवन दर्शन' प्रदर्शनी ने जनमेदिनी का मन मोह लिया।

इस कार्यक्रम में जयपुर महिला मंडल ने 4 प्लास्टिक क्रशिंग मशीन का भव्य उद्घाटन किया और 2 सरकारी स्कूल संरक्षण में लिए। कार्यक्रम का कुशल संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती ऋतु गधैया एवं श्रीमती नीलिमा बैद ने किया। कार्यक्रम में 27 अन्य महिला संगठन एवं थली बीकानेर संभाग की लगभग 85 बहिनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सहभागी सभी क्षेत्रों एवं विशिष्ठ अतिथियों को प्रतीक चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया। खचाखच भरे जयपुर के भारत मंडपम् ऑडिटोरियम में लगभग 1150 भाई-बहिनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। यह कार्यक्रम फेसबुक, यूट्यूब पर भी लाइव चला।

# महाश्रमण अभ्यर्थना में गूंजे स्वर
# महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम जालना

21 मई, 2024, अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, जालना द्वारा आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन आशीर्वाद से साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के सान्निध्य में 'महाश्रमणोस्तु मंगलम्' कार्यक्रम का समापन जालना नगर में आयोजित किया गया। नमस्कार महामंत्र उच्चारण से कार्यक्रम का शुभ आगाज अभातेममं के पदाधिकारीगणों एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्यों द्वारा किया गया।

श्रद्धा समर्पण भावों से महाश्रमण अष्टकम् के लयबद्ध संगान से जालना महिला मंडल की युवती बहिनों एवं कन्या मंडल ने कार्यक्रम में मंगलाचरण किया। जालना तेरापंथ महिला मंडल ने स्वागत गीत द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया। महिला मंडल, जालना अध्यक्ष श्रीमती नयना पीपड़ा ने हर्षोल्लास के साथ समागत अतिथियों एवं उपस्थित केसरिया शक्ति का स्वागत करते हुए अपने भाव व्यक्त किए। साध्वीप्रमुखाश्रीजी ने महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम के शुभ अवसर पर आचार्य महाश्रमण की मोहन से महाश्रमण की यात्रा का विवेचन किया। केसरिया शक्ति के अथक प्रयास की सराहना की और समाज के लिए आगे से आगे प्रगति करते रहे, ऐसा आशीर्वाद प्रदान किया। अभातेममं प्रतिनिधिगण द्वारा 'तेरापंथ का परचम फहरा दो' गीत से वातावरण को महाश्रमणमय बना दिया। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी, महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल महाश्रमणोस्तु मंगलम् की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. सूरज बरड़िया ने गुरु भक्ति में अपनी शैली में गुरु की अभ्यर्थना की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि



जालना जिला तहसीलदार श्रीमती छाया पवार ने भी अपने वक्तव्य में गुरुदेव की अभिवंदना की।

आचार्यश्री महाश्रमणजी के जीवन दर्शन पर एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई जिसमें चौपाई का भी समावेश था। तेममं जालना की युवती बहिनों ने महाश्रमण पर आधारित 'सवाल अम्बर के जवाब धरती के' की रोचक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का कुशल संयोजन महिला मंडल मंत्री श्रीमती प्रीति सेठिया ने किया। श्रीमती सीमा सेठिया उपाध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अभातेममं संरक्षक, परामर्शक, पदाधिकारी एवं राकास बहिनों की अच्छी उपस्थिति रही। आयोजन में तेममं जालना की बहिनों का अच्छा श्रम एवं सक्रिय सहयोग रहा। साध्वी प्रमुखाश्रीजी के मंगल पाठ से कार्यक्रम का समापन हुआ।

साध्वीप्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के साध्वी प्रमुखा चयन दिवस पर अभातेममं के प्रतिनिधियों ने अभिवंदना करते हुए मंगल कामना प्रेषित की। साध्वीप्रमुखाश्रीजी का एक हस्त निर्मित छाया चित्र भी समर्पित किया गया।



# एक मुलाकात असम के महामहिम राज्यपाल श्रीमान गुलाबचंद कटारिया के साथ



5 मई, 2024, असम। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने अपनी टीम के साथ गवर्नर हाउस, गुवाहाटी में असम के राज्यपाल महामहिम श्रीमान गुलाबचंद कटारिया के साथ एक मुलाकात की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंडल की गतिविधियों, चार स्थाई योजनाओं एवं गुरुदेव के दीक्षा कल्याण महोत्सव के उपलक्ष्य में अभ्यर्थना हेतु आयोजित महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। राष्ट्रीय महामंत्री ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत प्लास्टिक रीसाइकलिंग मशीन एवं कैंसर जागरूकता अभियान के बारे में भी जानकारी प्रदान की। महामहिम राज्यपाल ने महिला शक्ति एवं संगठन द्वारा किए जा रहे राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम की अत्यंत प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम निश्चित ही स्वस्थ समाज एवं स्वस्थ राष्ट्र की परिकल्पना में सार्थक साबित होंगे। मंडल का मासिक मुखपत्र नारीलोक भी राज्यपाल को भेंट किया गया। इस मुलाकात में राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी, कन्यामंडल सहप्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा, अभातेमम राकास श्रीमती रंजू लुनिया, श्रीमती सुचित्रा छाजेड़, श्रीमती सीमा बैद, श्रीमती मनीषा बोथरा एवं गुवाहाटी महिला मंडल से अध्यक्ष एवं मंत्री की उपस्थिति रही।

# भेंट वार्ता श्री ओम बिड़ला के साथ



22 मई, 2024, जालना। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वय श्रीमती सुमन नाहटा, श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, ट्रस्टी श्रीमती सूरज बरड़िया, संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती कुमुद कच्छारा ने लोकसभा स्पीकर श्री ओम बिड़ला से जालना में एक मुलाकात की। मंडल के पदाधिकारियों ने श्री बिड़ला को मंडल की गतिविधियों एवं 4 स्थाई योजनाओं की जानकारी प्रदान की। आचार्यश्री महाश्रमणजी के दीक्षा कल्याण महोत्सव के अवसर पर अभातेमम द्वारा अभ्यर्थना कार्यक्रम 'महाश्रमणोस्तु मंगलम्' की अवगति देते हुए एक पुस्तिका भी भेंट की। श्री ओम बिड़ला ने मंडल की गतिविधियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंडल के प्रति हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# आचार्यश्री महाश्रमणजी के 50वें दीक्षा कल्याण महोत्सव पर गुरुवर अभ्यर्थना में अभातेममं के निर्देशानुसार कन्या मंडल की सहभागिता



श्रद्धेय आचार्य प्रवर द्वारा कन्या मंडल के कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन

| श्रद्धा की अनुपम श्रृंखला- | क्षेत्र | सहभागी कन्याएं |
|---|---|---|
| * महाश्रमण अष्टकम् कंठस्थ | 139 | 1297 |
| * चौबीसी आराधना | 51 | 391 |
| * ध्येयपथ (महाश्रमण से महावीर) | 38 | 200 से अधिक |
| * एकलठाणा व्रत | 113 | 1087 |
| * 6 जमीकंद के त्याग (1 से 11 दिन तक) | 97 | 927 |
| * जप अनुष्ठान | 139 | 2000 से अधिक |
| * गुरुदेव जीवनवृत्त- हस्तकला परिदर्शन | 47 | 705 |
| * पोस्टर मेकिंग कंपीटिशन | 50 | 178 |
| * 18 पाप- असतो मा सद्गमय | 97 | 600 से अधिक |

महाश्रमण अष्टकम- वीडियो लाँच (शुद्ध उच्चारण एवं अर्थ सहित कंठस्थ)
महाश्रमण अष्टकम् का संगान एक साथ एक समय

## महाश्रमणोस्तु मंगलम् एक्सप्रेस ट्रेन

तेरापंथ कन्या मंडल, अहमदाबाद द्वारा आचार्य महाश्रमणजी की जीवन झांकी 'महाश्रमणोस्तु मंगलम् एक्सप्रेस ट्रेन' जिसका लोकार्पण शासनश्री साध्वी सरस्वतीजी एवं सहवर्ती साध्वी वृन्द के सान्निध्य में हुआ। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अदिति सेखानी की गौरवमय उपस्थिति रही। अहमदाबाद महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता परमार, कन्या मंडल प्रभारी प्रतीक्षा सुतरिया, संयोजिका आंगी खतंग, सह संयोजिका स्नेहा, खुशी बाफना व सह प्रभारी सोनिया सिंघवी का विशेष सहयोग रहा।

## तेरापंथ कन्या मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम

### Celebrate Motherhood with Mothers


माँ का प्यार, दुलार और ममता, माँ की शक्ति, हिम्मत और जज्बा,
माँ के संस्कार, सीख और सामर्थ्य, माँ का सबकुछ अनुपम है... अनूठा है... अनमोल है...

कुल 40 क्षेत्रों द्वारा **Mother's day** का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कुल 400 माँ-बेटी की जोड़ियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम से सभी माँ-बेटी की जोड़ियों को एक दूसरे को और अच्छे से जानने का मौका मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम की संयोजिका अदिति परमार का सराहनीय श्रम रहा।

## Give up or get up A Self Defence Online Workshop

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के मार्गदर्शन में तेरापंथ कन्या मंडल द्वारा 'आत्मरक्षा कार्यशाला' का **Online** आयोजन किया गया। **Give up or get up a Self Defence workshop.** कार्यक्रम के शुभारंभ के लिए नवकार मंत्र अभातेममं की संरक्षिका श्रीमती शांता पुगलिया द्वारा किया गया। राष्ट्रीय कन्या मंडल सहप्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा ने वक्ता का परिचय दिया। मुख्य वक्ता- अदिति दुबे ने बहुत ही समृद्ध प्रस्तुति से सबको आकृष्ट किया। कार्यशाला में लगभग 90 कन्याओं ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की संयोजिका दीक्षा जैन ने किया।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा 'स्वच्छ भारत' अभियान एक कदम स्वच्छ भारत की ओर #Solution to Plastic Pollution





## विभिन्न स्थानों पर Plastic Bottle Crushing Machine का उद्‌घाटन

**1 मई, 2024, अहमदाबाद।** अभातेममं के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, अहमदाबाद द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत **"Solution to Plastic Pollution"** अभियान के अंतर्गत **Rajasthan Hospital** में प्लास्टिक रीसाइकलिंग मशीन का उद्‌घाटन किया। अभातेममं की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने मशीन लगाने का मुख्य कारण बताया कि प्लास्टिक का प्रयोग किस प्रकार समाज के लिए हानिकारक होता जा रहा है। अभातेममं पदाधिकारीगण, स्थानीय पदाधिकारीगण, राजस्थान हॉस्पिटल के सीईओ श्रीमती राजश्री खिमेसरा एवं मंत्री श्री महेन्द्र शाह की उपस्थिति में मशीन का उद्‌घाटन हुआ। श्रीमती राजश्री बेन और श्री महेन्द्र अन्याव ने अपने भावों की अभिव्यक्ति दी। स्थानीय महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता परमार ने राजस्थान हॉस्पिटल के कमेटी मैंबर्स और प्रायोजक लूनिया परिवार का आभार ज्ञापन किया। संगठन मंत्री श्रीमती रेखा धुपिया एवं श्रीमती ममता बागरेचा सहित पूरी टीम का उल्लेखनीय श्रम रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रचार-प्रसार मंत्री श्रीमती श्वेता लूनिया ने किया।

**2 मई, 2024, भीलवाड़ा।** अभातेममं के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, भीलवाड़ा द्वारा समृद्ध राष्ट्र परियोजना के अंतर्गत सोल्यूशन टू प्लास्टिक पॉल्यूशन रीसाइकलिंग मशीन का तेरापंथ नगर भीलवाड़ा में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा द्वारा उद्‌घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी ने नवकार महामंत्र एवं मंगल मंत्रोच्चारण किया। राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने तेमम, भीलवाड़ा द्वारा आयोजित इस प्रोजेक्ट की सराहना की। उद्‌घाटन सत्र में अभातेममं संरक्षिका श्रीमती प्रकाश तातेड़, ट्रस्टी डॉ. सूरज बरडिया, उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, राकास श्रीमती कुमुद कच्छारा, श्रीमती नीना कावड़िया, श्रीमती उषा सिसोदिया, श्रीमती नीलिमा बैद, श्रीमती प्रीति जैन, श्रीमती मनाली चोरड़िया इन सभी की विशेष उपस्थिति रही। तेममं अध्यक्ष श्रीमती मैना कांठेड ने भावभीना स्वागत किया। इस मशीन के प्रायोजक श्रीमती रेखा, श्री शैलेन्द्र हिंगड़, श्रीमती तनीषा, श्री सिद्धार्थ चपलोत रहे। सभा अध्यक्ष श्री जसराज चोरड़िया ने भी अभातेममं के इस प्रोजेक्ट को जनोपयोगी बताया। कार्यक्रम का संयोजन एवं आभार स्थानीय महिला मंडल मंत्री श्रीमती अमिता बाबेल ने किया।

**6 मई, 2024, गुवाहाटी।** अभातेममं के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, गुवाहाटी द्वारा स्वच्छ भारत अभियान सॉल्यूशन टू प्लास्टिक पॉल्यूशन अभियान के अंतर्गत गुवाहाटी स्थित आचार्य तुलसी महाप्रज्ञ रिसर्च फाउण्डेशन, धारापुर में प्लास्टिक रीसाइक्लिंग मशीन का उद्‌घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अभातेममं महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी, कन्या मंडल सहप्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा, राकास श्रीमती रंजू लुनिया, श्रीमती मनीषा बोथरा, श्रीमती सुचित्रा छाजेड़, श्रीमती सीमा बैद, स्थानीय तेमम की अध्यक्ष श्रीमती अमराव देवी बोथरा व उनकी टीम, एटीएमआरएफ के पदाधिकारी व सदस्यगण, तेयुप अध्यक्ष श्री जयंत सुराणा व स्थानीय समाज बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति रही। इस मशीन के प्रायोजक श्री सुशील-श्री नवीन सेठिया है। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रंजू खटेड़ ने किया व आभार ज्ञापन स्थानीय मंत्री श्रीमती ममता दुगड़ ने किया।

**11 मई, 2024, जयपुर शहर।** अभातेममं के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, जयपुर शहर द्वारा सॉल्यूशन टू प्लास्टिक पॉल्यूशन अभियान के अंतर्गत पदम ज्योति नेत्र चिकित्सालय, पदमपुरा में प्लास्टिक रिसाइकलिंग मशीन का उद्‌घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ अभातेममं के ट्रस्टीगण, पदाधिकारीगण, राकास एवं स्थानीय मंडल की अध्यक्ष श्रीमती नीरू मेहता सहित अनेक विशिष्ठजनों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# कैंसर अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत वेन में मैमोग्राफी टेस्ट का आयोजन



1 मई, 2024, अहमदाबाद। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, अहमदाबाद द्वारा कैंसर जागरूकता अभियान के तहत गुजरात कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहयोग से वेन में मैमोग्राफी टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल आदि की गरिमामय उपस्थिति में नमस्कार महामंत्र के उच्चारण द्वारा एवं संरक्षिका श्रीमती प्रकाश देवी तातेड़ के द्वारा स्वस्तिक करके किया गया। गुजरात कैंसर इंस्टीट्यूट के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर प्रीति सिंघवी, डॉक्टर रोहिणी ने अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर मैमोग्राफी टेस्ट किया। यह अवेयरनेस का कार्य पूरे वर्ष भर तेमम, अहमदाबाद द्वारा निःशुल्क किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहमंत्री श्रीमती सुमन कोठारी एवं पूर्व मंत्री श्रीमती अनिता कोठारी का पूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर अभातेमम ट्रस्टी डॉ. सूरज बरड़िया, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अदिति सेखानी, राकास श्रीमती कुमुद कच्छारा, श्रीमती शशिकला नाहर, श्रीमती संतोष वेदमुथा, श्रीमती चाँद छाजेड़, श्रीमती नीतू बैद, श्रीमती राखी बैद, श्रीमती वर्षा लुणिया के साथ-साथ स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती हेमलता परमार और उनकी पूरी टीम एवं कन्या मंडल संयोजिका आंगी खतंग एवं उनकी पूरी टीम उपस्थित रही।

# 'कौन बनेगा गुरु आराधक' Online Quiz का परिणाम

अभातेमम द्वारा महाश्रमणोस्तु मंगलम् कार्यक्रम के अंतर्गत महाश्रमण जीवन दर्शन पर आधारित Online Quiz प्रतियोगिता 'कौन बनेगा गुरु आराधक' का आयोजन 7 मई से 11 मई, 2024 को किया गया। इस क्विज के लिए अधिकतम 701 प्रतिभागियों की संख्या निर्धारित की गई थी, जिनका पंजीकरण कुछ घंटों में पूर्ण हो गया। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा :

प्रथम- मधु दुगड़, सिल्चर

द्वितीय- बनिता गोलछा, दिल्ली

तृतीय- आयुषी हिंगड़, आमेट

सांत्वना पुरस्कार- 1. श्रेया हिंगड़ पगारिया, अहमदाबाद, 2. रेखा धाकड़, मुम्बई, 3. सुनीता नाहटा, भिवानी, 4. प्रभा लूणिया, बंगाईगांव, 5. वंदना मुनोत, मलाड़, 6. आरती जैन, भिवानी, 7. स्वाति गोयल, हरियाणा, 8. कविता लोढ़ा, नोएड़ा, 9. ईशा जैन, नेपाल, 10. हंसा गादिया, झाबुआ, 11. रश्मि भंसाली, सिलीगुड़ी।

सभी विजेता प्रतियोगियों को बहुत-बहुत बधाई एवं मंगल कामना। प्रतियोगिता के आयोजन में कल्पना जैन सिंघी एवं श्रीमती किरण बैंगानी का विशेष सहयोग रहा। हार्दिक आभार।

# स्वस्थ समाज : महिलाओं की भूमिका
# एक परिचर्चा

2 मई, 2024, भीलवाड़ा। 'स्वस्थ समाज में महिलाओं की भूमिका' विषय पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के साथ लोकवाणी न्यूज ने एक परिचर्चा आयोजित कर प्रसारित की। इस परिचर्चा में अभातेमम की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल, चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी, राकास श्रीमती कुमुद कच्छारा एवं श्रीमती प्रीति जैन ने भाग लिया। लोकवाणी न्यूज की ओर से संवाददाता के रूप में श्रीमती स्मिता पीपाड़ा उपस्थित थी।

आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

## आचार्यश्री महाश्रमणजी के दीक्षा कल्याण महोत्सव के उपलक्ष्य में "आराधना आराध्य की" उपक्रम के अंतर्गत भेंट तप की, के क्रम में एकलठाणा सूची - मई, 2024 (22 मई समापन)

### शाखा मंडल


| दिनांक | शाखा | कुल संख्या | दिनांक | शाखा | कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01.05.2024 | जोरावरपुरा, नोखा | 21 | 15.05.2024 | आरकोणम | 5 |
| 01.05.2024 | खारघर (मुम्बई) | 14 | 15.05.2024 | टी. दासरहल्ली (बंगलूरू) | 29 |
| 02.05.2024 | खारुपेटिया | 9 | 15.05.2024 | एरोली (मुम्बई) | 10 |
| 03.05.2024 | विल्लुपुरम | 5 | 15.05.2024 | कांदीवली (मुम्बई) | 16 |
| 03.05.2024 | ईरोड | 5 | 15.05.2024 | भागलपुर | 7 |
| 03.05.2024 | बदलापुर (मुम्बई) | 6 | 15.05.2024 | कुर्ला (मुम्बई) | 127 |
| 04.05.2024 | गुड़गांव | 14 | 15.05.2024 | अजमेर | 8 |
| 04.05.2024 | बीरगंज | 25 | 16.05.2024 | जयसिंहपुर | 21 |
| 04.05.2024 | उधना | 63 | 16.05.2024 | बेलपाड़ा | 2 |
| 05.05.2024 | कामोठे (मुम्बई) | 4 | 16.05.2024 | मांड्या | 5 |
| 05.05.2024 | उत्तरपाड़ा | 12 | 16.05.2024 | चेन्नई | 2957 |
| 05.05.2024 | अररिया कोर्ट | 26 | 16.05.2024 | शिलोंग | 9 |
| 06.05.2024 | पल्लावरम् | 12 | 16.05.2024 | पचपदरा | 18 |
| 07.05.2024 | एमडीडब्ल्यूएस (मुम्बई) | 6 | 16.05.2024 | के जी एफ | 3 |
| 07.05.2024 | सुजानगढ़ | 6 | 16.05.2024 | कांचीपुरम | 9 |
| 08.05.2024 | सुनाम | 9 | 17.05.2024 | शिरपुर | 21 |
| 08.05.2024 | पड़ासली | 15 | 17.05.2024 | ग्वालियर | 9 |
| 09.05.2024 | अररिया आर एस | 5 | 17.05.2024 | किशनगंज | 581 |
| 09.05.2024 | जैतो मंडी | 8 | 18.05.2024 | जलगांव | 74 |
| 10.05.2024 | पटियाला | 4 | 18.05.2024 | अबोहर | 18 |
| 10.05.2024 | मंडी आदमपुर | 5 | 18.05.2024 | खार (मुम्बई) | 2 |
| 10.05.2024 | जोगेश्वरी (मुम्बई) | 9 | 18.05.2024 | दहिसर (मुम्बई) | 6 |
| 11.05.2024 | जगदलपुर | 40 | 18.05.2024 | दक्षिण मुम्बई | 5 |
| 11.05.2024 | सिलवासा | 15 | 18.05.2024 | साउथ दिल्ली | 39 |
| 11.05.2024 | कांजुरमार्ग (मुम्बई) | 2 | 19.05.2024 | केसिंगा | 10 |
| 11.05.2024 | मीरा रोड़ (मुम्बई) | 30 | 19.05.2024 | धुरी | 3 |
| 11.05.2024 | बामनिया | 11 | 19.05.2024 | अहमदगढ़ | 11 |
| 12.05.2024 | निर्मली | 4 | 20.05.2024 | आसींद | 116 |
| 12.05.2024 | ईस्ट दिल्ली | 108 | 20.05.2024 | रिछेड़ | 5 |
| 12.05.2024 | बिजयनगर (भीलवाड़ा) | 4 | 20.05.2024 | बीजापुर | 11 |
| 12.05.2024 | इनरुआ (नेपाल) | 9 | 21.05.2024 | सैंतला | 3 |
| 12.05.2024 | गंगापुर | 4 | 21.05.2024 | अंधेरी (मुम्बई) | 21 |
| 13.05.2024 | विरार (मुम्बई) | 15 | 21.05.2024 | भांडुप (मुम्बई) | 28 |
| 13.05.2024 | सांताक्रुज (मुम्बई) | 56 | 21.05.2024 | नरवाना | 5 |
| 13.05.2024 | पिंपरी चिंचवड | 10 | 21.05.2024 | चास बोकारो | 16 |
| 14.05.2024 | कोच्चि | 3 | 22.05.2024 | मंडी गोविंदगढ़ | 2 |
| 14.05.2024 | गंगटोक | 3 | 22.05.2024 | सुनाम | 10 |
| 14.05.2024 | मानसा | 10 | 22.05.2024 | समाना | 4 |
| 14.05.2024 | भायंदर (मुम्बई) | 12 | 22.05.2024 | लोंगोवाल | 4 |
| 14.05.2024 | मेहकर | 5 | | | |

कुल एकलठाणा मई (22 मई को उपक्रम सम्पन्न) 4854
कुल एकलठाणा 29830

एकलठाणा संयोजिका श्रीमती विनीता बैंगानी के श्रम को बहुत-बहुत साधुवाद।

नारीलोक प्रश्नोत्तरी

# ज्ञान चेतना प्रश्नोत्तरी




## जून, 2024

**सन्दर्भ पुस्तक : आचार्य महाश्रमण (पेज संख्या 44 से 85)**

**अंताक्षरी: प्रत्येक उत्तर का अंतिम वर्ण आगामी उत्तर का प्रथम वर्ण होना चाहिए**

1. आचार्यप्रवर का गुजरात के उन क्षेत्रों में भी पदार्पण हुआ जो पाकिस्तान की सीमा के समीपवर्ती क्षेत्र थे और जहाँ पर हर समय सैन्य हलचल .................................... होती थी।
2. आयोजन का अपना महत्व होता है, किंतु उसके साथ कुछ ................. कार्य होता है तो आयोजन का महत्व और बढ़ जाता है।
3. महाश्रमण ने अपने .................... का, दायित्व का इतना अच्छा पालन किया है कि 80% चाबियाँ इनके पास हैं।
4. इसके अतिरिक्त जैन शासन और मानव जाति की यथासंभव और .................. सेवा करने का संकल्प करता हूँ।
5. अंतरंग तप की दृष्टि से मूल्यांकन करें तो महाश्रमण से बड़ा ........................... आज पूरे धर्मसंघ में मुझे कोई दिखाई नहीं देता।
6. परम प्रभु महावीर के .................. दर्शन पर आधारित है जैनशासन।
7. सचमुच, पूरा धर्मसंघ आचार्य महाश्रमण जैसा सर्वगुण संपन्न कुशल ...................... पाकर आश्वस्त है, विश्वस्त है।
8. मैं एक परम्परा को निभाते हुए धर्मसंघ के सभी साधु-साध्वियों को एक सौ एक ....................... बक्शीश करता हूँ।
9. इसलिए हमारी यह भावना रहे कि इस दुनिया से जाएं तो कर्ज उतार कर जाएं ....................... बनकर न जाएं।
10. अचानक मुनि ..................... आए और कहा- 'आचार्यश्री के ठीक नहीं हैं। आप एकबार अन्दर पधारें।'
11. अपने प्रति, अपने लक्ष्य के प्रति और पथदर्शक के प्रति श्रद्धा का भाव ............... को सरस बनाए रखता है।
12. जब युवाचार्यप्रवर अपने सर्वस्व के चरणों में ..................... हुए, तब पूज्यप्रवर ने उनको अपनी छाती से लगा लिया।
13. ऐसे व्यक्तित्व विरले होते हैं जो अपने व्यक्तित्व और .................... के आधार पर नेतृत्व के सर्वोच्च शिखर पर पहुँच जाते हैं।
14. साधु-साध्वियों ने 'जय जय नंदा जय जय भद्दा' गीत गाकर इस मंगल अभिषेक का ............................ किया।
15. पूज्यवर का कोई भी दिन ऐसा नहीं बीतता होगा, जिस दिन वे किसी न किसी व्यक्ति को .............. का त्याग नहीं कराते हैं।

**किसने कहा? (केवल नाम लिखें)**

16. 'अनुशासन का पथ फूलों से नहीं, कांटों से भरा है, किंतु उस पथ से गुजर जाने के बाद हर कांटा फूल बनकर मुस्करा उठता है।'
17. हमें तो कच्छ काले पानी की जगह ठंडा मीठा पानी लगा है।
18. आप महावीर के उपदेशों के सक्षम संदेशवाहक हैं और जैनधर्म के स्वर्णिम हस्ताक्षर हैं।
19. सभी मनोबल और समभाव रखो तथा 'ॐ भिक्षु' व 'अ.भि. रा.शि.को. नमः' मंत्र का जप करो।
20. ये धर्मसंघ के युवाचार्य हैं। तेरापंथ का युवाचार्य होना बड़े भाग्य की बात है। महाश्रमण युवाचार्य होने के साथ-साथ महाश्रमिक भी हैं।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : संयोजिका : श्रीमती इन्दिरा लुणिया, कटक

**Mob.:** 9438368264, **E-mail:** **luniaindira@gmail.com**

**Google Form submit करने की अन्तिम तिथि : 20 जून, 2024**

**Google Form Link : https://forms.gle/nUbMGHyKGdLsQ1Ht9**

**मई, 2024 प्रश्नोत्तरी के सही उत्तर**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. गुरुदेव तुलसी | 2. सात | 3. रूपनगर चौकी | 4. घड़ी | 5. चौपनवां |
| 6. तीन | 7. गुरुदेव तुलसी | 8. उदयपुर | 9. भीनासर | 10. सरदारशहर |
| 11. पन्द्रह | 12. दो | 13. शेमुषी | 14. रविवार | 15. चालीस |
| 16. दान-दया | 17. चतुर्दशी | 18. सुमेरमलजी | 19. बारह | 20. यशवन्त कुमार |

**मई, 2024 प्रश्नोत्तरी के भाग्यशाली विजेता**

| | | |
|---|---|---|
| 1. रेखा जैन- तोशाम | 2. सीमा डागा- खुश्किबाग | 3. कंचन पटावरी- मोमासर |
| 4. तृप्ति तातेड़- पाली | 5. मंजू लूणिया- फरीदाबाद | 6. कनक श्री जैन- हैदराबाद |
| 7. कविता डागा- राउरकेला | 8. प्रेम पुगलिया- कूचबिहार | 9. ज्योति पीपाड़ा- रतलाम |
| | 10. घेवरी देवी बैद- गुवाहाटी | |

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल को प्राप्त अनुदान

## अनुदान सूची एवं प्रेरणा दाता

| | | |
|---|---|---|
| 1. | तेरापंथ महिला मंडल, गुवाहाटी | 2,51,000 |
| 2. | श्रीमती सुशीला पुगलिया, श्रीमती विमला बैद, श्रीमती सुशीला तखत, श्रीमती प्रेम दूगड़, श्रीमती तारा दूगड़, श्रीमती कनक दुधेड़िया, श्रीमती सुशीला चौपड़ा, जयपुर | 2.00.000 |
| 3. | तेरापंथ महिला मंडल, अहमदाबाद | 1,00,000 |
| 4. | तेरापंथ महिला मंडल, सी–स्कीम, जयपुर | 51,000 |
| 5. | तेरापंथ महिला मंडल, भीलवाड़ा | 51,000 |
| 6. | तेरापंथ महिला मंडल, जयपुर शहर | 51,000 |
| 7. | श्रीमती मुकुलिका , श्रीमान जुगल किशोर बैद (भावना सेवा) | 51,000 |
| 8. | श्रीमती फूल कुमारी , स्व. श्री नगराज नाहटा (भावना सेवा) | 51,000 |
| 9. | तेरापंथ महिला मंडल, बरहमपुर (रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष में) | 51,000 |
| 10. | श्रीमती कमला देवी, श्रीमान लूणचंद की स्मृति में पन्ना ग्रुप श्रीमती मीना ओस्तवाल (भावना सेवा) | 21,000 |
| 11. | श्रीमती रतना सुरेश कुमार सिसोदिया (चित्रदुर्ग) (भावना सेवा) | 5,100 |

सभी अनुदानदाताओं के प्रति हार्दिक आभार !

**अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल**
पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी' जैन विश्व भारती, लाडनूं 341 306 (जिला– नागौर, राजस्थान)

नारीलोक

**महामंत्री कार्यालय**
महामंत्री
नीतू ओस्तवाल
5–0–1&2, आर.सी. व्यास कॉलोनी,
सूर्यांश, मदर टैरेसा स्कूल के पास,
भीलवाड़ा–311001 (राज.)
मो.: 9257011205
secretary@abtmm.org

देखने हेतु
www.abtmm.org
www.facebook.com/abtmmjain/
https://bit.ly/abtmmyoutube

**कोषाध्यक्ष कार्यालय**
कोषाध्यक्ष
तरुणा बोहरा
203, 204, सांघवी एक्जोटिका,
मराठा कॉलोनी, दहिसर वेस्ट,
मुम्बई–400068
मो.: 8976601717
tarunajain365@gmail.com